**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर ।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 8-(क) | क्या उप मुख्यमंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद गोण्डा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटियाथोक के कार्मिकों के द्वारा कार्य में लापरवाही व अन्य के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गोण्डा को सम्बोधित पत्र दिनांक 12 सितम्बर 2023 को ग्राम हरदैया भटपुरवा जनपद गोण्डा के नागरिकों का शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है ? | जी हां। |
| (ख) | यदि हां, तो उक्त प्रार्थना पत्र के मुख्य बिन्दु क्या-क्या थे और उक्त मुख्य बिन्दुओं के आधार पर अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गयी है ? | प्रश्नगत शिकायती पत्र दिनांक 12.09.2023 में श्री पंकज कुमार, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के विरूद्ध मुख्यत: सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटियाथोक गोण्डा में लम्बे समय से तैनात रहने, उच्च ग्रेड-पे प्राप्त करने, कर्मियों के जी0पी0एफ0 पासबुक अद्यतन न करने, अधिकारियों/कर्मचारियों को गलत तरीके से ए0सी0पी0 का लाभ पहुंचाने आदि की शिकायत की गयी थी।<br>उपरोक्त शिकायतों की जांच हेतु अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोण्डा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम द्वारा जांच करायी गयी। जांच समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटियाथोक गोण्डा पर कई वर्षों से तैनाती सम्बन्धी शिकायत को सही पाया गया, बाकी अन्य शिकायतों को निराधार पाया गया । कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोण्डा के आदेश दिनांक 16.11.2023 द्वारा श्री पंकज कुमार चौधरी को स्थानान्तरित करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसपुर गोण्डा में तैनात कर दिया गया है । |
| (ग) | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार । |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता । |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश।